Chapter- 10

# क्रिया

## STUDY NOTES

**विषय सारांश:**

- जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का बोध हो, उन्हें क्रिया शब्द कहते हैं।
  उदाहरण- चलना, लिखना, उड़ना, खाना आदि।

- क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है। इसमें प्रत्यय जोड़कर क्रिया शब्द बनाए जाते हैं।
  जैसे- ‘लिख’ से लिखना, ‘पढ़’ से पढ़ना, ‘खा’ से खाना आदि।

- क्रिया के दो रूप है।




- जिस क्रिया के साथ कर्म जुड़ा होता है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
  जैसे- बच्चा खाना **खा रहा है**।
  मोहन किताब **पढ़ता है**।

- जिस क्रिया के साथ कर्म जुड़ा नहीं होता उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।
  जैसे- बच्चा **दौड़ रहा है**।
  गीता **सो रही है**।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**आइए, अब लिखें:**

१. उचित क्रिया शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए।

क) इस समय घड़ी में चार **बजे** हैं।

ख) बच्चे मेले में झूला **झूल** रहे थे।

ग) समर ने राघव को घड़ी **दी** ।

घ) सड़क पर दो महिलाएँ **जा** रही थीं।

ङ) पक्षियों के घोंसले नहीं **तोड़ने** चाहिए।

२. वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए तथा उनके भेद भी लिखिए।

| | |
|---|---|
| क) पक्षी **उड़ गए**। | अकर्मक क्रिया |
| ख) हमें अधिक वृक्ष **लगाने** चाहिए। | सकर्मक क्रिया |
| ग) हमें बिजली तथा पानी की **बचत करनी** चाहिए। | सकर्मक क्रिया |
| घ) शेर जंगल में **सो** रहा था। | अकर्मक क्रिया |
| ङ) हम सभी को अपने आस-पास **सफाई रखनी** चाहिए। | सकर्मक क्रिया |

३. निम्नलिखित 'धातुओं' से क्रिया शब्द बनाइए तथा उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।
(सोच, ले, गा, पहन, रख)

क) सोचना - वह सोच रहा है।

ख) लेना - तुम्हे क्या लेना है ?

ग) गाना - राधा गाना गा रही है।

घ) पहनना - समर ने नये कपड़े पहने हैं।

ङ) रखना - किताब मेज पर रखो।

४. कर्म को क्रिया से मिलाइए।

| | |
|---|---|
| क) फूल | i) धोना |
| ख) पत्र | ii) गाना |
| ग) गेहूँ | iii) लिखना |
| घ) कपड़े | iv) पकाना |
| ङ) रोटी | v) उगाना |
| च) गीत | vi) खिलना |



♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow